सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	माघ 29, गुरूवार, *शाके* 1942–फरवरी 18, 2021 *Magha 29, Thursday, Saka 1942- February 18, 2021*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, फरवरी, 18 2021

संख्या एफ 37/निदे.आयो./जे.डी.ए./सामान्य/2021/1221 :- जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा 24 के अनुसरण में, इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा 23 (योजना तैयार करने और उसे मंजूर किये जाने के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया) की उपधारा (3) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मास्टर डवलपमेन्ट प्लान (2013-2031), जोधपुर रीजन तैयार कर प्राधिकरण की बैठक दिनांक 17 फरवरी, 2021 के द्वारा अनुमोदित किया गया, जो धारा 24 (योजना के प्रवर्तन की तारीख) की अनुपालना में दिनांक- 18 फरवरी, 2021 से प्रभावी होगा।

इस मास्टर डवलपमेन्ट प्लान (2013-2031) की प्रतिलिपियों का निरीक्षण, जिला कलक्टर जोधपुर के कार्यालय, नगर निगम जोधपुर उत्तर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण के कार्यालय, जिला परिषद जोधपुर के कार्यालय तथा संबंधित सभी पंचायत समितियों के कार्यालयों में सभी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान किया जा सकता है, और प्रतियाँ जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के कार्यालय से खरीदी जा सकती है।

हरभान मीणा,
सचिव,
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर।

1504

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।